an>

Title: Need to provide sufficient funds for industrial development in Karauli-Dholpur Parliamentary Constituency, Rajasthan.

डॉ मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर (राजस्थान) के धौलपुर जिले में संगठित क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों की काफी कमी है जिसके कारण यहाँ बेरोजगारी मुख्य समस्या है। धौलपुर जिला एन.एच.3, एन.एच.-11 बी एवं दिल्ली-मुम्बई रेलवे ट्रैक से जुड़ा हुआ है तथा जिले में लगभग 330 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है एवं चम्बल नदी के बहने के कारण जिले में पानी की समस्या नहीं है। धौलपुर मुख्यालय दिल्ली से 4 घण्टे की दूरी पर है। उक्त सुविधाएं होने के बावजूद जिले का औद्योगिक विकास नगण्य है। औद्योगिक विकास के लिए भूमि भी पर्याप्त है। जिले में दुग्ध एवं पशुपालन मुख्य व्यवसाय है। अतः यहाँ पर फूड प्रोसेसिंग, रेडीमेड गारमेंट्स जैसे उद्योगों का विकास किया जा सकता है। इससे यहाँ के क्षेत्र का भी विकास होगा तथा यहाँ के लोगों को रोज़गार भी उपलब्ध हो सकेगा।

अतः मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर में औद्योगिक विकास के लिए अधिक से अधिक बजट आवंटन करें, जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र का औद्योगिक विकास हो सके।